<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा)द्वारा'हरित भविष्य' हेतु पुन: शपथ लेना।

नई दिल्ली, 22 नवंबर , 2016

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने स्वच्छ भारत अभियान के एक भाग के रूप में रद्दी कागजों की रिसाइकलिंग को बढावा देने के लिए तथा मंत्रालय को फिर से रिसाइकल्ड कागज की आपूर्ति हेतु कागज रिसाइकलिंग इकाई (भाविप्रा द्वारा सीएसआर के अंतर्गत की गई पहल),वसंतकुंज,नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के रद्दी कागजों की रिसाईकलिंग के लिए वित्त मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर कर एक और उपलब्धि हासिल की।
भाविप्रा की ओर से अध्यक्ष , डा.गुरूप्रसाद महापात्र द्वारा सुश्री एनी जी.मैथ्यूज, संयुक्त सचित, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वित्त मंत्रालय में स्वच्छ पखवाडा के आरंभ तथा स्वच्छता शपथ समारोह के अवसर पर श्री अरूण जेटली, माननीय वित्त मंत्री ,वित्त सचिव, सचिव (व्यय) तथा वित्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री राकेश कालरा,क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक(उ.क्षे) ने 15 नवंबर 2016 को सुश्री एनी,जी. मैथ्यूज, संयुक्त सचिव,व्यय विभाग के साथसमझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया।
भाविप्रा कागज रिसाइकलिंग इकाई पहले से ही स्वयं के लिए, एवं नागर विमानन मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, डीजीसीए,बीसीएएस,सीआईसीएफ,दिल्ली पुलिस इत्यादि के लिए रद्दी कागजो की रिसाइकलिंग कर रही है।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।
म.प्र (जनसंपर्क), 9811521881,011-24622787
संख्या. 52/2016-17

श्री अरूण जेटली, माननीय वित्त मंत्री ,वित्त सचिव, सचिव (व्यय) तथा वित्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में स्वच्छ भारत अभियान के एक भाग के रूप में रद्दी कागजों की रिसाइकलिंग को बढावा देने के लिए तथा मंत्रालय को फिर से रिसाइकल्ड कागज की आपूर्ति हेतु श्री राकेश कालरा, क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक (उ.क्षे) ने सुश्री एनी,जी. मैथ्यूज, संयुक्त सचिव,व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के साथ समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया।